35

**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**सकारण आदेश**

संवेदक M/S Abhishek kumar, (Regd No-1170196) At-Madan Jee ka Hata, Ara, PO-Ara, Dist-Bhojpur, Pin-802301, Head Office-Jaitpur, PO-Asani, PS-Udwantnagar, Dist-Bhojpur, Pin-802216 को कार्य प्रमंडल नीमचक बथानी के अधीन शीर्ष MMGSY(SC) योजनान्तर्गत Bairka to Golabi via Tikar पथ निर्माण कार्य आवंटित किया गया।

एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 24.08.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 23.08.2021 है।

संदर्भित पथ में एकरानामा (एकरारनामा संख्या–32-SBD/2020-21) के अनुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी द्वारा संवेदक को कई बार स्मारित किया गया।

इसके बावजूद संवेदक द्वारा पथ निर्माण कार्य में रूचि नहीं लिये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी का पत्रांक 1795 दिनांक 22.11.2023 द्वारा एकरारनामा विखंडित करते हुए संवेदक M/S Abhishek kumar के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु विहित प्रपत्र में अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 59 दिनांक 05.01.2024, पत्रांक 1059 दिनांक 28.02.2024, पत्रांक 7587 दिनांक 14.07.2025 एवं पत्रांक 9937 दिनांक 16.09.2025 द्वारा निबंधित डाक एवं ईमेल के साथ–साथ प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कारणपृच्छा की गई।

तदालोक में संवेदक द्वारा अबतक अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि संवेदक M/S Abhishek kumar को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में संवेदक M/S Abhishek kumar, (Regd No-1170196, PAN-AAPFA5863J) द्वारा कार्य प्रमंडल, नीमचक बथानी के अधीन शीर्ष MMGSY(SC) योजनान्तर्गत आवंटित पथ Bairka to Golabi via Tikar को अपूर्ण रखने संबंधी आरोपों को प्रमाणित मानते हुए बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक को 03(तीन) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

16.10.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–06/2025 10987 /पटना, दिनांकः– 17.10.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.10.25
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः—14/अ0प्र0—14—06/2025 10967 /पटना, दिनांकः— 17.10.25

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.10.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—14/अ0प्र0—14—06/2025 10967 /पटना, दिनांकः— 17.10.25

निबंधित

प्रतिलिपिः—M/S Abhishek kumar, (Regd No-1170196) At-Madan Jee ka Hata, Ara, PO-Ara, Dist-Bhojpur, Pin-802301, Head Office-Jaitpur, PO-Asani, PS-Udwantnagar, Dist-Bhojpur, Pin-802216 को सूचनार्थ प्रेषित।

16.10.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— 14/अ0प्र0—14—06/2025 10967 /पटना, दिनांकः— 17.10.25

प्रतिलिपिः—आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.10.25

अभियंता प्रमुख